# प्रवीण पाठ्यक्रम

# PRAVEEN COURSE

**किट : 3 - KIT : 3**

**पाठ : 06 से 08**

**LESSON: 06 TO 08**

**अक्तूबर - किट - OCTOBER - KIT**

सत्यमेव जयते

**केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान**

**पत्राचार पाठ्यक्रम स्कंध (हिंदी)**

**राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय**

**2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली-110011**

**Central Hindi Training Institute**

**CORRESPONDENCE COURSE WING (HINDI)**

**Department of Official Language**

**Ministry of Home Affairs**

**2-A, Prithvi Raj Road**

**New Delhi-110011**

**Email-adptracharchti-dol@nic.in**

**Phone No. 011-23017203**

**Fax No. 011-23017203**

**To download this Kit:**

**http://chti.rajbhasha.gov.in/?9600?21**

# पाठ / Lesson - 6
# नियुक्ति की प्रक्रिया

**भूमिका /Introduction**

You are aware of the process of recruitment. In this lesson you will come to know about the process of getting job in Govt. establishment.

i. In this lesson you will learn some official terminology. These words are known as 'Technical terms'.

ii. A technical term means specific word for specific concepts in academic discipline like Physics, Economics etc. The meanings of these words are like the definition of an object or concept. Hence we call them पारिभाषिक शब्द (defining word) in Hindi.

iii. In the last lesson you learnt the use of the causative verbs like. बनाना,बनवाना, करना, करवाना etc.

iv. In this lesson you are going to learn the use of passive voice like किया जाता है and की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उदाहरण** | : | शत्रु मारा गया है। | The enemy has been killed. |
| | | मुझसे चाय नहीं पी जाती। | I can not take tea. |
| | | आदेश जारी किया जाता है। | The order is issued. |

**उद्देश्य / Objective**

In this lesson you will learn the following:

i) The appointment process by Govt. establishment and how to get job in Govt. establishment.

ii) The passive constructed sentence in Hindi.

iii) The meaning of some technical terms and their use.

iv) You can speak and write the passive construction sentences in Hindi and practice through the exercise.

v) You will learn some official terminology and you will be able to use some of these words in your official work also.

## SYNOPSIS

Now you are going to study the main body/main text of the lesson. Heading 'नियुक्ति की प्रक्रिया'. It is about the process of appointment in the Govt. establishment**.**

Here below we present the first part of the text.

Manohar wants to get a job in Govt. establishment.

i. His uncle is working in central secretariat and Manohar wants his uncle to help him in getting a job.
ii. Uncle explains the processes involved in getting a job in Govt. establishments.
iii. UPSC & SSC are involved in organising the competetive exam, interview and selection.

## नियुक्ति की प्रक्रिया

मेरा भाई मनोहर बी.ए. कर चुका है। वह **आशुलिपि**[1] भी सीख गया है और कंप्यूटर पर काम करना भी। वह चाहता है कि उसे कोई सरकारी नौकरी मिल जाए तो अच्छा हो।

पिछले हफ्ते हमारे चाचा जी दिल्ली से आए। वे दिल्ली में **केंद्रीय सचिवालय**[2] में **वित्तीय सलाहकार**[3] हैं। बातचीत के दौरान मनोहर ने उनसे कहा, "चाचाजी, जब आप दिल्ली लौटेंगे, तो मैं भी आपके साथ चलूँगा। मुझे किसी सरकारी कार्यालय में नौकरी दिला दीजिए।"

चाचा जी ने समझाया, "बेटे तुम मेरे साथ चल सकते हो। तुमसे मिलकर चाची भी खुश होंगी, पर सरकारी नौकरी पाना आसान नहीं है, क्योंकि सरकारी कार्यालयों में नियुक्ति के लिए एक निश्चित **प्रक्रिया**[4] होती है"।

**संघ लोक सेवा आयोग**[5] तथा **कर्मचारी चयन आयोग**[6] केंद्र सरकार के पदों पर **चयन**[7] के लिए **प्रतियोगी परीक्षाएँ**[8] आयोजित करते हैं। लिखित परीक्षाओं में सफल होने वाले **उम्मीदवारों**[9] को **साक्षात्कार**[10] के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार के बाद सफल उम्मीदवारों की **भर्ती**[11] की जाती है। ये दोनों आयोग, कार्यालयों की माँग के अनुसार समय-समय पर रिक्त पदों के लिए केवल साक्षात्कार के आधार पर भी चयन करते हैं।

**शब्दार्थ /Vocabulary:**

1. stenography 2. central secretariat 3. financial advisor 4. process  5. union

public service commission (u.p.s.c) 6. staff selection commission (s.s.c.) 7. selection 8. competative examination 9. candidate 10. interview 11. recruitment

**बोध प्रश्न**

1. मनोहर क्या सीख गया है?
2. वह कैसी नौकरी करना चाहता है?
3. मनोहर के चाचा कहाँ नौकरी करते हैं?
4. सरकारी कार्यालयों में नियुक्ति की प्रक्रिया कैसी है?
5. संघ लोक सेवा आयोग कौन सी परीक्षाएँ आयोजित करता है?

**भाग - II**

In the previous section you read the conversation about the processes involved in recruitment.In this section you will study about the U.P.S.C & S.S.C's exam pattern, how they lay down the qualification, conduct exam and after exam how they select the proper candidates. The selection process of these organisations is different from others.

Then Manohar told his uncle that he will follow the process to get job in Govt establisment.

राज्य लोक सेवा आयोग द्‍वारा राज्य सरकार के सरकारी पदों पर भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षाएँ आयोजित की जाती हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से पहले विभिन्न कार्यालय **रिक्त पदों**[12] की सूचना इन **आयोगों**[13] को देते हैं। विभिन्न कार्यालय कभी-कभी **प्रतिनियुक्ति**[14] के पदों पर भर्ती के लिए **रोजगार समाचार**[15] में **विज्ञापन**[16] देकर **आवेदन पत्र**[17] मँगवाते हैं। आवेदन पत्र में **पदनाम**[18], **आयुसीमा**[19], **अर्हताएँ**[20], **अनुभव**[21] आदि सूचनाएँ देना **अपेक्षित**[22] होता है। आवेदन प्राप्त होने पर उनकी जाँच की जाती है और **आवेदकों**[23] की सूची बनाई जाती है। यदि **लिखित परीक्षा**[24] ली जाती है तो उसके बाद **योग्यता**[25] क्रम के अनुसार सूची बनाई जाती है। इस सूची के अनुसार आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार में आवेदकों का **सामान्य ज्ञान**[26], **योग्यता**[27] एवं **व्यावहारिक कौशल**[28] आदि देखा जाता है। जो **अभ्यर्थी**[29] **आत्मविश्वास**[30] के साथ सही उत्तर देते हैं, उनका ही चयन किया जाता है।

मनोहर चाचा जी की बातें समझ गया। उसने कहा कि मैं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी तैयारी करूँगा। अगले दिन दिल्ली लौटते समय चाचाजी ने कहा- "बेटे, दैनिक समाचार पत्रों के अलावा रोजगार समाचार **नियमित**[31] रूप से देखते रहो। इनमें संघ लोक सेवा आयोग,

कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैकिंग सेवा भर्ती बोर्ड तथा **निगमों**[32], **निकायों**[33], **उपक्रमों**[34] आदि के सेवा संबंधी विज्ञापन निकलते रहते हैं। जब तुम्हारे लायक कोई पद निकलेगा तो मैं भी तुम्हें तत्काल सूचित कर दूँगा।"

**शब्दार्थ Vocabulary:**

12. vacant post 13.commissions 14. deputation 15. employment news 16. advertisement 17. application 18. designation 19. age limit 20. qualifications 21. experience 22. desired 23. applicants 24. written examination 25. qualification 26. general knowledge 27. qualification 28. practical skill knowledge 29. applicant 30. self confidence 31. regular 32. corporation 33. bodies 34. undertakings

Make second reading of the text understanding the difficult words/expressions occurring bold in the text. Use the vocabulary for ascertaining the correct connection of the difficult words/expressions then read the text again to bring out the meaning clearly.

Read the lesson once again to have a general understanding of the lesson. Do the readings refer the meaning of the difficult words given in footnotes, so that you get a better understanding of the text.

Now answer the questions given below:

**बोध प्रश्न**

1. राज्यों में सरकारी पदों पर भर्ती कौन करता है?
2. रिक्त पदों की सूचना कौन देता है?
3. आवेदन पत्र प्राप्त होने पर क्या किया जाता है?
4. लिखित परीक्षा के बाद क्या किया जाता है?
5. साक्षात्कार में किसका सामान्य ज्ञान, योग्यता एवं व्यावहारिक कौशल देखा जाता है?

**व्याकरणिक टिप्पणी/ Grammatical Note**

**पर्यायवाची शब्द**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्यालय | = | दफ़्तर | तत्काल | = | तुरंत |
| सरकारी | = | शासकीय | आसान | = | सरल |
| आयु | = | उम्र | अर्हताएँ | = | योग्यताएँ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुभव | = | तजुरबा | प्रत्याशी | = | उम्मीदवार |

**विलोम शब्द**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नियमित | x | अनियमित | सक्षम | x | अक्षम |
| स्वीकृति | x | अस्वीकृति | लिखित | x | मौखिक |
| व्यावहारिक | x | अव्यावहारिक | निश्चित | x | अनिश्चित |

**शब्द निर्माण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आयोजन | = | आयोजित | संचालन | = | संचालित |
| निश्चय | = | निश्चित | अपेक्षा | = | अपेक्षित |
| सूचना | = | सूचित | नियम | = | नियमित |
| आमंत्रण | = | आमंत्रित | संरक्षण | = | संरक्षित |

**Passive voice**

Passive voice represents the subjects as acted upon. Thus in the passive voice the grammatical subject is not the logical subject-the doer, but the logical object-the person or thing towards whom the action is directed.

शत्रु मारा गया — The enemy was killed

यह कहा जाता है कि — It is said that.

The logical subjects are not mentioned in the above sentences, they may be guessed from the context.

तीनों पत्र टाइप किए गए। — All the three letters have been typed

In the passive voice, the object gets prominent and governs the verb form. In the sentence

यहाँ चावल (m) खाया जाता है। — Here rice in eaten

तीनों पत्र (m plu.) टाइप किए गए।

कहानी (f) सुनाई गई। — Story was narrated

The passive voice transformation in Hindi is to some extent; parallel to that in English e.g. Ram was defeated in badminton by Mohan

राम, मोहन के द्‌वारा बैडमिंटन में हराया गया।

Passive construction is most suited for official noting and official correspondence, where rules, orders, instruction etc. get prominence, rather than

the authority where from it emanates. In other words the object rather than the subject is the focal point in the sentence.- यह आदेश दिया जाता है कि

Here the order conveyed is important instead the authority which issued it.

**मौखिक अभ्यास Oral Practice**

Oral practice helps you retain what you have learned and allows you to speak the language in appropriate situations.

Practice the following :

**स्थानापत्ति Substitution**

Substitute the word in brackets with the words given and speak in your sentence.

1. भारत में सब जगह दीवाली मनाई जाती है।
   (ईद, होली, दशहरा, बुद्ध पूर्णिमा)
2. विद्यालय में विद्यार्थियों को अंग्रेजी पढ़ाई जाती है।
   (हिंदी, गणित, सामाजिक ज्ञान, जीवन विज्ञान)
3. खेत में खुदाई की जाती है।
   (बुवाई, निराई, गुड़ाई, कटाई)
4. अनुशासन के मामले में हर माह बैठक की जाती है।
   (लेखा, पेंशन, रखरखाव, निरीक्षण)
5. नियुक्ति के लिए एक निश्चित प्रक्रिया अपनाई जाती है।
   (ऋण लेना, साक्षात्कार, चिकित्सा, जाँच, अनुवाद)

**रूपान्तरण Transformation**

Transform the given sentences as per the models given

**नमूना :** साक्षात्कार के लिए प्रत्याशियों को बुलाते हैं।

**साक्षात्कार के लिए प्रत्याशियों को बुलाया जाता है।**

1. परीक्षा में निर्धारित पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछते हैं।
2. नौकरी के लिए विज्ञापन निकालते हैं।
3. निर्माण कार्य के लिए निविदाएँ मँगाते हैं।
4. प्राज्ञ परीक्षा पास करने पर पुरस्कार देते हैं।
5. केंद्रीय रजिस्ट्री में लिफाफे खुलते हैं।

**नमूना :** सिपाही भर्ती हो रहे हैं।

**सिपाहियों को भर्ती किया जा रहा है।**

1. मकान बनाने के लिए ऋण दे रहे हैं।
2. पुराना सामान बिक रहा है।
3. पुरानी इमारतें टूट रही हैं।
4. वृक्ष लग रहे हैं।
5. पुस्तकें छप रही हैं।

**संवाद/ Communication:** Practice using the language in the situation given below. It is better if you have some one with you.

**प्रशिक्षार्थी निम्नलिखित विषयों पर आपस में चर्चा करें :-**

1. साक्षात्कार कैसे लिया जाता है?
   (लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा, चिकित्सा जाँच)
2. रोटी/पूड़ी कैसी बनाई जाती है?
   (आटा गूंथना, लोई बनाना, बेलना, तवे पर पलटना, सेंकना, तेल में तलना)
3. मंत्रालय, या हवाई अड्डे में सुरक्षा (security) के लिए क्या-क्या उपाय किए जाते हैं?

**सारांश /Summary**

उक्त पाठ में आपने भारत सरकार में नौकरी पाने की प्रक्रिया पढ़ी। संघ लोक सेवा आयोग तथा कर्मचारी चयन आयोग आवेदकों से आवेदन पत्र मँगवाते हैं और किस प्रकार सरकारी नौकरी के लिए उनका चयन किया जाता है।

इस पाठ में आप पारिभाषिक शब्दों से भी परिचित हुए है जैसे अर्हताएँ, अनुभव, प्रतिनियुक्ति, साक्षात्कार आदि।

इस पाठ में कर्मवाचक (Passive Voice) के प्रयोग से भी आप परिचित हुए,

**जैसे** i. प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं।

ii. उम्मीदवारों की भर्ती की जाती है।

iii. चयन किया जाता है।

**क्रियात्मक कौशल/ Creative Writing**

**Follow up.** Describe the process of selection and interview in your office in Hindi

**बोध प्रश्नों के उत्तर भाग- I**

1. आशुलिपि।
2. सरकारी नौकरी।
3. केंद्रीय सचिवालय में।
4. निश्चित प्रक्रिया है।
5. प्रतियोगी परीक्षाएँ।

**भाग- II**

1. राज्य लोक सेवा आयोग ।
2. विभिन्न कार्यालय ।
3. उनकी जाँच की जाती है।
4. योग्यता क्रम के अनुसार सूची बनाई जाती है।
5. आवेदकों का ।

# पाठ / Lesson - 7
# बीमारी

**भूमिका/ Introduction**

You learnt the use of passive voice in lesson 6. The passive is formed from transtive verbs like eat, make etc. Hindi also has a passive construction using intransitive verbs which conveys the meaning of disability.

मुझ से बैठा नहीं जाताI    I just can't sit.

In this lesson you are going to read the conversation between a doctor and his patient. You will also learn the difference between:

खाया जाता है।
खाया नहीं जाता।
खा नही पाता।

**उद्देश्य / Objective**

In this lesson you will learn the following.

i. You will get to know how to converse with a doctor on matters of health, treatment etc.
ii. You can practice and use how to convey the meaning of disability with both transitive and intransitive verbs.
    i. मुझसे खाया नहीं जाता।
    ii. मैं खाना खा नहीं पाता।

## SYNOPSIS

Now you are going to study the main body/main text of the lesson titles 'बीमारी'. It is about a conversation between a doctor and a patient the patient tells about his suffering from fever. The doctor gives him some medicine and advises him to take must.

**भाग-1**

मरीज : नमस्ते, डॉक्टर साहब।

डॉक्टर : नमस्ते कहिए, आपको क्या **तकलीफ**[1] है?

मरीज : डॉक्टर साहब मुझे कुछ दिनों से **बुखार-सा**[2] लगता है। **खाँसी**[3] भी है। **भूख**[4] नहीं लगती। कुछ खाया भी नहीं जाता।

डॉक्टर : ऐसा कब से है?

मरीज़ : लगभग एक महीने से।

डॉक्टर : क्या आपने को दवा ली?

मरीज़ : हाँ, बुखार के लिए गोली खाई।

डॉक्टर : यह गलत है। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवा नहीं खानी चाहिए।

मरीज़ : ठीक है, डॉक्टर साहब। लेकिन अब मुझे बहुत **कमज़ोरी**[5] **महसूस**[6] होती है। कोई काम नहीं किया जाता। कभी-कभी **छाती**[7] में भी बहुत दर्द होता है।

डॉक्टर : मैं, ये कैप्सूल देता हूँ। सुबह-शाम खाना खाने के बाद खा लेना। कुछ टेस्ट करवाने होंगे। रिपोर्ट देखने के बाद ही ठीक से **इलाज**[8] हो पाएगा।

मरीज़ : डॉक्टर साहब, कोई **चिंता**[9] की बात तो नहीं है?

डॉक्टर : नहीं, घबराने की कोई बात नहीं है। फिर भी टेस्ट करवा लें तो ठीक रहेगा।

मरीज़ : ठीक है डॉक्टर साहब। कौन-कौन से टेस्ट करवाने होंगे?

डॉक्टर : मैं लिख देता हूँ।

**शब्दार्थ /Vocabulary:**

1. trouble 2. fever 3. cough 4. hunger 5. weakness 6. to feel 7. chest 8. treatment 9. worry

**बोध प्रश्न**

1. मरीज को क्या तकलीफ़ है?
2. मरीज को यह तकलीफ़ कब से है?
3. क्या बिना डॉक्टर की सलाह से दवाई लेनी चाहिए?
4. डॉक्टर ने क्या दवाई दी?

## SYNOPSIS

In the previous section you read that the doctor told the patient to go for some medical test. The patient has come with medical report after two day. He shows it to the doctor and the doctor advises him to go to (C.G.H.S.) Doctor, because the patient is a Govt. servant and he can claim for medical bill.

## भाग - II

(दो दिन बाद)

मरीज़ : डाक्टर साहब, यह लीजिए रिपोर्ट।

डॉक्टर : ठीक है। लेकिन यह दूसरा टेस्ट नहीं करवाया क्या? इसकी रिपोर्ट कहाँ है।

मरीज़ : डॉक्टर साहब। यह टेस्ट तो बहुत **महँगा**[10] है। इतना महंगा टेस्ट कराना तो मेरे लिए संभव नहीं होगा।

डॉक्टर : अच्छा। यह बताओ, दवा खाने से कुछ आराम मिला?

मरीज़ : दर्द में तो कुछ आराम है, पर भूख नहीं लगती। कुछ खाया-पिया नहीं जाता। अधिक चल फिर भी नहीं पाता। थोड़ा-सा भी काम करने पर **थकान**[11] होने लगती है।

डॉक्टर : दूध पिया करो। फल और **हरी सब्जियाँ**[12] भी लेना जरूरी है। और यह दूसरा टेस्ट करवाना भी आवश्यक है।

मरीज़ : डॉक्टर साहब, मैं **केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना**[13] का **लाभार्थी**[14] हूँ। क्या ये टेस्ट मैं सरकारी अस्पताल से करवा सकता हूँ? इससे मुझे टेस्ट के लिए कोई **भुगतान**[15] नहीं करना पड़ेगा। दवा भी सी.जी.एच.एस. डिस्पेंसरी से ही मिल जाएगी।

डॉक्टर : ठीक है। इसके लिए आपको केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के डॉक्टर को ही दिखाना ठीक रहेगा।

मरीज़ : धन्यवाद डॉक्टर साहब। नमस्ते।

डॉक्टर : नमस्ते।

**शब्दार्थ Vocabulary:**

10. costly 11. tiredness 12. green vegetables 13. central govt. health scheme (c.g.h.s) 14. beneficiary 15. payment

**बोध प्रश्न**

1. मरीज ने दूसरा टेस्ट क्यों नहीं करवाया?
2. मरीज को किसमें आराम है?
3. डॉक्टर ने मरीज को क्या खाने की सलाह दी?
4. मरीज को किस डॉक्टर को दिखाना उचित रहेगा।

**व्याकरणिक टिप्पणियाँ Grammatical Notes**

In the impersonal voice the verb is related with the feeling rather than the subject and object. The verb is always third person Masculine and singular like: मुझसे बैठा नहीं जाता I am unable to sit.

सीता से खाया नहीं जाता। Sita is unable to eat

The impersonal voice is also used for disability:

**नमूना :** मुझसे उठा नहीं जाता I am unable to get up.

The impersonal voice is, in fact the passive voice used for intransitive verbs. **नमूना :** मुझसे सोया नहीं जाता I can't sleep.

**मौखिक अभ्यास /Oral Practice**

Oral practice helps you to retain what you have learned and allow you to speak the language in appropriate situation Practice the following:-

**स्थानापत्ति/ Substitution:**

Substitute the word in brackets with given words and speak your sentence.

1. डॉक्टर साहब मुझे <u>बुखार</u> है।
   (खाँसी, सिरदर्द, पेटदर्द, जुकाम)
2. खाना खाने के बाद यह <u>गोली</u> खा लेना।
   (कैप्सूल, चूर्ण, मिठाई, पान)
3. आप यह <u>टेस्ट</u> करवा लेना।
   (एक्सरे, अल्ट्रा साउंड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई)
4. बीमार व्यक्ति को <u>दूध पीना</u> चाहिए।
   (दवा, टॉनिक, हरी सब्ज़ी, फल)
5. मुझसे घंटा भर <u>बैठा</u> नहीं जाता।
   (लिखना, सोना, लेटना, टी.वी.देखना)
6. तेज बुखार होने पर मुझे <u>सिर दर्द</u> होता है।
   (उल्टी आना, ठंड लगना, सारे बदन में दर्द होना, चक्कर आना)

**रुपांतरण /Transformation:**

Transform the given sentences as per the model given.

**नमूना :** मैं लिख नहीं सकता/पाता।

**मुझसे लिखा नहीं जाता।**

1. सिरदर्द के कारण मैं पढ़ नहीं सकता।
2. पेट दर्द के कारण मैं समोसे खा नहीं सकता।
3. मैं इतनी दूर पैदल नहीं चल सकता।

4. गला खराब होने के कारण मैं बोल नहीं सकता।
5. मच्छरों के कारण मैं सो नहीं सकता।

**नमूना :** मैं यह काम नहीं कर पाऊँगा।
**मुझसे यह काम नहीं हो पाएगा/नहीं होगा।**

1. विभा ये कपड़े नहीं धो पाएगी।
2. नेहा इतना काम नहीं कर पाएगी।
3. दो मजदूर इस पेड़ को नहीं काट पाएँगे।
4. विक्रम इतनी दूर पैदल नहीं चल पाएगा। (पैदल चलना नहीं होगा)
5. हर्ष यह मसौदा टाइप नहीं कर पाएगा।

**नमूना :** राहुल ने जान-बूझकर खिलौना तोड़ दिया।
**राहुल से गलती से खिलौना टूट गया।**

1. मनीष ने गाड़ी छोड़ दी।
2. उसने न जाने कैसे यह काम कर दिया।
3. मैंने गलती कर दी। (मुझसे अनजाने में)
4. वर्षा ने चाय गिरा दी।
5. बच्चे ने किताब फाड़ दी।

**संवाद / Communication**

Practice using the language in the situation given below. It is good if you have another person. You can do it yourself also.

डिस्पेंसरी के अंदर दो मरीज़ों के बीच अपनी बीमारी के बारे में वार्तालाप लिखें या बोलने का अभ्यास करें। जैसे:- चला नहीं जाता, उठा नहीं जाता, खाया नहीं जाता।

**सारांश / Summary**

i. इस पाठ में आपने डॉक्टर एवं मरीज़ के बीच हो रहा वार्तालाप पढ़ी, कैसे मरीज़ डॉक्टर के पास आकर अपनी बीमारी के बारे में बताता है और डॉक्टर उसका इलाज कैसे करता है।

ii. इस पाठ में के.स.स्वा.यो. के बारे में भी आपको पता चला कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सरकार द्वारा चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है।
इसमें भाववाच्य के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जैसे मुझसे बैठा नहीं जाता।

i. इस पाठ में आप कुछ चिकित्सा संबंधी शब्दावली से भी परिचित हुए जैसे जाँच, रिपोर्ट आदि।

ii. इस पाठ में शारीरिक अशक्तता के कारण असमर्थता वाले वाक्यों से भी आप परिचित हुए।

**उदाहरण**: अब मुझे बहुत कमजोरी महसूस होती है।
कोई काम नहीं किया जाता।

**बोध प्रश्नों के उत्तर भाग - I**

1. बुखार है।
2. लगभग एक महीने से।
3. जी नहीं।
4. डॉक्टर ने कैप्सूल दिए।

**भाग - II**

1. महँगा होने के कारण।
2. दर्द में आराम है।
3. हरी सब्जियाँ खाने की सलाह दी।
4. के.स.स्वा. योजना के डॉक्टर को दिखाना।

# पाठ / Lesson - 8
# प्राकृतिक आपदाएँ

**भूमिका/ Introduction**

In this lesson you will learn the following.

i) You will learn about the environmental imbalance taking place due to human indulgence in nature. Because of natural disasters there are lots of problems and loss of property and life. We will also learn about preventive measures that can be taken.

ii) In this lesson you are going to learn the complex sentence of Hindi with adverbs like.

जब-जब, तब-तब, जहाँ-जहाँ etc.

जब बारिश होती है तब मकान गिर जाते हैं।

iii) You will also going to learn the feeling of harmony and co-operation at the times of calamity.

**उद्देश्य / Objective**

After completing the lesson you will be able to do the following.

i) You will be able to use the adverbs जब जब, तब etc. in your sentences like.

जब मैं गया तब वह आया।

जहाँ राम का घर है वहाँ मेरा मकान है।

ii) You will learn words related to nature, calamity and preventive measures.

iii) You will learn the value of the co-operation and preventive measures to avoid disasters.

## SYNOPSIS

Now you are going to study the main body/main text of the lesson, titled **'प्राकृतिक आपदाएँ।** It means 'Natural calamity' In this lesson you are going to read about environment imbalance, its cause and preventive measures.

In this part you will learn about how environment imbalance brings natural calamity and its bad effects.

You will also learn the causes and effects of flood and cyclone.

You will know that sea storm is a big disaster and how it affects the life of coastal people.

## प्राकृतिक आपदाएँ

**पर्यावरण**[1] **असंतुलन**[2] और धरती की **आंतरिक**[3] **हलचल**[4] जब अपने **भयानक**[5] रूप में प्रकट होती है तब हम इसे **प्राकृतिक आपदा**[6] कहते हैं। **बाढ़**[7], **सूखा**[8], **भूकंप**[9], **ज्वालामुखी**[10] तथा **तूफान**[11] आदि प्राकृतिक आपदाएँ कहलाती हैं। जब प्राकृतिक आपदा आती है तब जान-माल की बहुत **हानि**[12] होती है। यातायात, **संचार**[13] सेवाएँ ठप्प हो जाती हैं, मकान गिर जाते हैं, मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षी एवं अन्य जीव-जंतु भी मारे जाते हैं।

जब अधिक वर्षा होती है तब बाढ़ आती है। जहाँ-जहाँ नदियों का पानी **खतरे के निशान**[14] से ऊपर बहने लगता है वहाँ-वहाँ **फसलें**[15] **नष्ट**[16] हो जाती हैं। अनेक गाँव, नगर और बस्तियाँ डूब जाती हैं। बिजली, पानी और संचार की व्यवस्था **अस्त-व्यस्त**[17] हो जाती है। रेल की पटरियाँ उखड़ जाती हैं, रेलगाड़ियाँ रद्द हो जाती हैं। जहाँ-जहाँ बाढ़ का प्रकोप होता है वहाँ-वहाँ जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

समुद्री तूफान भी एक बड़ा प्राकृतिक संकट है। इससे **तटीय क्षेत्र**[18] अधिक प्रभावित होते हैं। जब ऊँची-ऊँची समुद्री लहरें आती हैं तब तट के इलाके **जलमग्न**[19] हो जाते हैं। संचार और परिवहन व्यवस्था **चौपट**[20] हो जाती है। समुद्री तूफान के पूर्व नाविकों और **मछुआरों**[21] को समुद्र में न जाने की **चेतावनी**[22] रेडियो, दूरदर्शन, **सार्वजनिक**[23] **घोषणा**[24] अथवा अन्य **जन माध्यमों**[25] द्वारा दी जाती है।

**शब्दार्थ Vocabulary:**

1. environment 2. imbalance 3. internal 4. movement 5. dangerous 6. natural calamity 7. flood 8. drought 9. earthquake 10. valcano 11. storm 12. loss 13. communication 14. danger mark 15. crops 16. spoil 17. disrupt 18. coastal 19. submerged in water 20. disrupt 21. fishermen 22. warning 23. public 24. announcement 25. massmedia

**बोध प्रश्न**

1 प्राकृतिक आपदा किसे कहते हैं?

2 प्राकृतिक आपदा से किस की हानि होती है?

3 बाढ़ के प्रकोप से क्या होता है?

4 समुद्री तूफान से कौन से क्षेत्र अधिक प्रभावित होते हैं?

5 समुद्री तूफान के आने से पूर्व किन्हें चेतावनी दी जाती है?

**SYNOPSIS**

In the first part you read about nature calamity like flood and storm and its bad effects. Now in this part you are going to read about earthquake and its effects.

1. You will learn about the volcano and its effect on the people.
2. You will also learn about the preventive measures which can be taken.
3. In the concluding para you will learn that on one side Nature is our friend but on otherside it can prove our enemy. Hence we should be careful of such disasters.

**भाग- II**

धरती की आंतरिक हलचल के कारण **भूकंप**[1] आता है। जिस जगह भूकंप का केंद्र होता है उस जगह भूकंप का **दुष्प्रभाव**[2] अधिक दिखाई देता है। जब भूकंप आता है तब मकानों या घरों से निकलकर खुली जगह में जाना चाहिए क्योंकि इमारतें, कच्चे घर, मकान आदि गिर जाते हैं और बड़ी संख्या में लोग **हताहत**[3] होते हैं। जहाँ-जहाँ भूकंप अधिक आते हैं वहाँ-वहाँ लकड़ी के या **भूकंपरोधी**[4] मकान बनाए जाने चाहिए ताकि **जान-माल**[5] की अधिक हानि न हो।

ज्वालामुखी में जिस समय धरती के भीतर का गरम **लावा**[6] फूटकर बाहर आ जाता है उस समय गाँव के गाँव गर्म लावे में दब जाते हैं। ज्वालामुखी **प्रभावित**[7] इलाके में लोग हर समय भय और **आतंक**[8] में अपना जीवन बिताते हैं यह संतोष की बात है कि ज्वालामुखी की दृष्टि से हमारा देश काफ़ी सुरक्षित है।

इन प्राकृतिक आपदाओं से मनुष्य अपनी सावधानी से काफ़ी हद तक बच सकता है। जंगलों की **कटाई**[9] रोकने से बाढ़ के संकट को कम किया जा सकता है। भूकंप से बचाव के लिए भूकंपरोधी या लकड़ी के मकान बनाए जाने चाहिए। सुनामी आदि से **बचाव**[10] के लिए तटों पर **सघन**[11] **वृक्षारोपण**[12] किया जाना चाहिए। जहाँ-जहाँ प्राकृतिक आपदाएँ आती हैं वहाँ-वहाँ सरकार, विभिन्न स्वयं सेवी **संस्थाओं**[13] एवं **संगठनों**[14] को भी आपदा प्रबंधन के लिए सदा **जागरुक**[15] रहना चाहिए।

जहाँ एक ओर प्रकृति मनुष्य की मित्र है वहीं दूसरी ओर अपने **रौद्र रूप**[16] में शत्रु भी है। हमें चाहिए कि हम ऐसी आपदाओं के लिए सावधान रहें। जहाँ तक संभव हो हम हमेशा तत्पर

एवं जागरुक रहें क्योंकि ये आपदाएँ अपने पीछे अनेक **महामारियाँ**[17] छोड़े बिना नहीं जाती है। मनुष्य के **विजेता**[18] होने के बावजूद प्रकृति हर बार उसे एक नई चुनौती देती है। प्रत्येक **चुनौती**[19] का सामना करने में ही मुनष्य की पहचान छुपी है और सामना किए बिना आपदाओं से बचना संभव नहीं।

### शब्दार्थ/ Vocabulary:

1. earthquak 2. bad effects 3. injured 4. earthquake resistant 5. life-property 6. lava 7. affected 8. terror 9. harvesting 10. prevention
11. extensive 12. tree plantation 13. institute 14. organisations 15.attentive/alert
16. fearsome 17. epidemic 18. winner 19. challenge

### बोध प्रश्न

1. भूकंप क्यों आता है?
2. ज्वालामुखी में से क्या बाहर आ जाता है?
3. रौद्र रूप में प्रकृति मनुष्य की क्या है?
4. प्राकृतिक आपदाएँ अपने पीछे क्या छोड़ जाती हैं।

### व्याकरणिक टिप्पणियाँ / Grammatical Notes

#### संबद्ध शब्द

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रकृति | (सं.) | प्राकृतिक | (वि.) | आतंक | (सं.) | आतंकित | (वि.) |
| समुंदर | (सं.) | समुंदरी | (वि.) | संतोष | (सं.) | संतोषी | (वि.) |
| प्रभाव | (सं.) | प्रभावशाली | (वि.) | जागरुकता | (सं.) | जागरूक | (वि.) |
| केंद्र | (सं.) | केंद्रीय | (वि.) | | | | |

#### पर्यायवाची शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राकृतिक | = | नैसर्गिक | आपदा | = | विपदा |
| धरती | = | पृथ्वी | आंतरिक | = | भीतरी |
| भयानक | = | भयंकर | आतंक | = | डर |
| विजेता | = | विजयी | यातायात | = | परिवहन |

You have already learnt adverbs like जब, जहाँ in the previous class
In place of जहाँ, जिस Adverb can be used

**नमूना:** जहाँ बारिश होती है वहाँ मकान गिर जाते हैं।

**जिस स्थान पर बारिश होती है उस स्थान के मकान गिर जाते हैं।**

**नमूना :** जब बारिश बंद होती है तब इंद्रधनुष निकलता है

**जिस समय बारिश बंद होती है उस समय इंद्रधनुष निकलता है।**

| | | |
|---|---|---|
| Where........................ there | जहाँ..................वहाँ | (Adverb of place) |
| When...................then | तब.................. तब | (Adverb of time) |

The use जब-जब 'whenever'

This denotes plurality at the time when'.

जहाँ-जहाँ = wherever जैसे-तैसे = some how

1 **जहाँ-जहाँ** भूकंप अधिक आते हैं **वहाँ-वहाँ** लकड़ी के मकान बनाए जाते हैं।

2 **जहाँ-जहाँ** नदियों का पानी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगता है, **वहाँ-वहाँ** फसलें नष्ट हो जाती हैं।

जब.................तब whenever................then

3 **जब** प्रकृति अपने भयानक रूप में प्रकट होती है तब हम उसे प्राकृतिक आपदा कहते है।

4 **जब** अधिक वर्षा होती है तब बाढ़ आती है।

जहाँ जहाँ.........................वहाँ वहाँ where ever......................there

5 **जहाँ जहाँ** भूकंप अधिक आते हैं **वहाँ वहाँ** लकड़ी के मकान बनाए जाते हैं।

जैस जैसे .......................... वैसे वैसे as and now.................

6 **जैसे जैसे** बच्चे बड़े होंगे **वैसे-वैसे** समझदार होंगे।

जितना.........................उतना

7 **जितना** पढ़ोगे **उतना** परिणाम पाओगे।

**Prepositional Phrases**

Mark the use of prepositional phrases introduced in this lesson. Their use has been illustrated with the help of examples.

i) के बावजूद --In spite of

**मनुष्य** के विजेता होने के बावजूद प्रकृति हर बार उसे एक नई चुनौती देती है।

See more examples of के बावजूद

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जाति धर्म भाषा आदि की भिन्नताओं के बावजूद | | समूचा देश एकता के सूत्र में बँधा है। |
| 2. | मेरे इतना समझाने | ,, ,, | तुमने वही गलती की। |
| 3. | दो-दो अध्यापकों के पढ़ाने | ,, ,, | लड़का परीक्षा में सफल न हो सका। |

## मौखिक अभ्यास/ Oral Practice

Oral practice helps you retain what you have learnt and allows you to speak the language in appropriate situations.
Practice the following.

## स्थानापत्ति/ Substitution

Substitute the words in brackets with the words given and speak your sentences.

**कोष्ठक के शब्द को बदल कर वाक्य बनाइए।**

1) (जब) वर्षा अधिक होती है (तब) फसल अच्छी होती है।

| | |
|---|---|
| जहाँ | वहाँ |
| जिस साल | उस साल |
| जितनी | उतनी |
| जिस स्थान पर | उस स्थान पर |
| जिस प्रदेश में | उस प्रदेश में |
| जब-जब | तब-तब |
| जहाँ-जहाँ | वहाँ-वहाँ |

2) (जब) तूफान आता है (तब) बिजली चली जाती है।

| | |
|---|---|
| जहाँ | वहाँ |
| जब-जब | तब-तब |
| जिस दिन | उस दिन |

## रूपांतरण /Transformation

वाक्यों को उदाहरण के अनुसार बदलिए/ Transform the given sentences as per the model given:-

**नमूना :** बाढ़ के कारण फ़सलें नष्ट हो जाती हैं। (बाढ़ आना)
**जहाँ बाढ़ आती है वहाँ फ़सलें नष्ट हो जाती हैं।**
**जब बाढ़ आती है तब फ़सलें नष्ट हो जाती हैं।**

1. समुद्री तूफान के कारण संचार और परिवहन व्यवस्था चौपट हो जाती है। (तूफ़ान आना)
2. धरती की आंतरिक हलचल के कारण भूकंप आता है। (हलचल होना)
3. ज्वालामुखी के कारण गाँव के गाँव लावे में दब जाते हैं। (ज्वालामुखी फटना)
4. भूकंप से मकान गिर जाते हैं। (भूकंप आना)
5. बर्फ गिरने पर ठंड बढ़ जाती है। (बर्फ गिरना)

**नमूना:** नारियल कहाँ अधिक पैदा होता है? (समुद्र)

**जहाँ-जहाँ समुद्र का किनारा है वहाँ-वहाँ नारियल अधिक पैदा होता है।**

1. लकड़ी के मकान कहाँ बनाए जाते हैं? (भूकंप आना)
2. सीढ़ीनुमा खेत कहाँ होते हैं? (पहाड़)
3. प्रदूषण कहाँ अधिक होता है? (कारखाने)
4. गर्म कपड़े कहाँ अधिक पहने जाते हैं? (ठंड होना)
5. चावल की खेती कहाँ की जाती है? (अधिक वर्षा)

**नमूना:** वह बीमार होने के कारण दफ़्तर नहीं आया।

**वह बीमार होने के बावजूद दफ़्तर आ गया।**

1. मैंने सिरदर्द के कारण काम पूरा नहीं किया।
2. पैसों की कमी के कारण वह पढ़ाई पूरी नहीं कर पाया।
3. मौसम खराब होने के कारण वह कार्यालय नहीं आया।
4. आरक्षण न मिलने के कारण श्री रमेश दौरे पर नहीं गए।
5. महँगी होने के कारण श्रीमती सिन्हा ने कार नहीं खरीदी।

## संवाद /Communication

Practise using the language in the situation given below. It is good if you have another person else, you can do it yourself.

1) कहाँ-कहाँ अच्छी खेती हो सकती है, चर्चा करें। (जहाँ अच्छी वर्षा होती है, अच्छी मिट्टी, खाद का प्रयोग, ट्रैक्टर का उपयोग, सिंचाई की व्यवस्था)

2) मनुष्य कहाँ रहना पसंद करते हैं, वार्तालाप करें। (जहाँ अच्छे/पक्के घर हों आदि)

3) जब बिजली चली जाती है, तब लोग क्या करते हैं, चर्चा करें।
इसी तरह बाढ़ आना, त्योहार मनाना, लॉटरी लगना आदि स्थितियों में भी चर्चा करें।

## सारांश /Summary

इस पाठ में बाढ़, सूखा, भूकंप, ज्वालामुखी तथा तूफान आदि प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जानकारी मिली। किस प्रकार बाढ़ आने से जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। भूकंप आने से मनुष्य बेघर हो जाता है ज्वालामुखी प्रभावित इलाकों के लोग डर में जीवन बिताते हैं समुद्री तूफान से भी अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन मनुष्य के जागरुक रहने से मनुष्य इन आपदाओं के प्रभाव को कम अवश्य कर सकता है।

इस पाठ में हिंदी के जटिल वाक्य साँचों की जानकारी दी गई है। कैसे शब्दों के प्रयोग से हम दो वाक्यों को सह संबंध से भी बड़ा कर सकते हैं जैसे :

**जब बारिश होती है तब फसल अच्छी होती है।**

इस पाठ से यह भी पता चला कि यदि मनुष्य चाहे तो इन प्राकृतिक आपदाओं के असर को कम भी कर सकता है।

इस पाठ से सद्भावना की भावना भी जागृत होती है कि मिलकर इन आपदाओं का सामना करने से इनके प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**बोध प्रश्नों के उत्तर- भाग - I**

1. धरती की आंतरिक हलचल जब भयानक रूप में प्रकट होती है।
2. जान-माल की हानि
3. जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।
4. तटीय क्षेत्र
5. नाविकों और मछुआरों को

**भाग-II**

1. धरती की आंतरिक हलचल के कारण
2. गरम लावा
3. शत्रु
4. अनेक महामारियाँ छोड़ जाती हैं।

## बोधन पाठ

## संचार

This lesson is from text book's part-III 'विविधा'. This lesson is only for reading purpose. In this lesson you are going to learn about the progress made in the twenty first century in field of mass communication and its effect on the entire world. Now a day's computers have made our life very easy. By using Internet we can get easy and fast information on every topic.

E-commerce & e-cash have made transactions very easy. Tele medicine has its usefulness. You can get education through computer. Information technology brings ample employment opportunitise.

Means of telecommunication are bringing economic prosperity in the country.

**भाग- I**

यदि हम **संचार**[1] के क्षेत्र में **अतीत**[2] को याद करें तो हमें पता लगेगा कि आज इस क्षेत्र में **कायाकल्प**[3] हो चुका है। **सभ्यता**[4] के **विकास**[5] के साथ मनुष्य ने **दूरसंचार**[6] के लिए डाक प्रणाली विकसित की। बीसवीं शताब्दी के आरंभ में इलेक्ट्रॉनिकी नामक एक नए विज्ञान का विकास शुरू हुआ। इसकी महत्वपूर्ण देन है रेडियो, सिनेमा एवं टेलीविजन। संचार **उपग्रहों**[7] ने टेलीविजन को विश्व के हर भाग में पहुँचा दिया है। भारत ने एप्पल संचार उपग्रह के बाद इनसेट श्रृंखला[8] में कई उपग्रह स्थापित किए हैं। संचार क्रांति में कंप्यूटर ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **इक्कीसवी**[9] सदी नए एवं **आधुनिकतम**[10] संचार माध्यमों की **जन्मदात्री**[11] बनकर **उभरी**[12] है।

हमारा देश एक **लोकतांत्रिक**[13] **गणराज्य**[14] है। इसी वजह से **जनमत**[15] **निर्धारण**[16] में जनसंचार माध्यमों का महत्व दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आज व्यापार संबंधों, रेल, विमान, होटल, **आरक्षण**[17] और बैंकों में रुपयों के **विनिमय**[18] आदि के लिए कंप्यूटर काफी सहायक है। अब कंप्यूटर व्यवस्था, ई-मेल, फैक्स आदि के द्वारा सूचनाएँ **अतिशीघ्र**[19] एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजी जा सकती हैं।

विश्व भर के हजारों नेटवर्कों को एक दूसरे के साथ जोड़ने वाला इंटरनेट नामक **विश्वव्यापी**[20] तंत्र भी अस्तित्व में आ गया है। इसने विश्व के संचार संबंधों को एक सूत्र में बाँध दिया है। विश्वव्यापी **सचित्र**[21] मोबाइल संचार सेवा के होने से आप किसी भी एक स्थान से

किसी अन्य स्थान पर उपस्थित व्यक्ति से **साक्षात**[22] **संपर्क**[23] स्थापित कर सकते हैं। इंटरनेट के **तहत**[24] ही वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) अनेक सूचनाएँ प्राप्त करने की **विधा**[25] भी है।

**शब्दार्थ/ Vocabulary:**

1. communication 2. past 3. tranformation 4. culture 5. development 6. tele-communication 7. satellite 8. series 9. twentyfirst 10. modern 11. mother 12. came out 13. democratic 14. republic 15. public opinion 16. formation 17. reservation 18. regulation 19. urgent 20. world wide 21. with picture 22. direct 23. liaison 24. under 25. devise

**बोध प्रश्न**

1. आज किस क्षेत्र में कायाकल्प हो चुका है?
2. बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में किस विज्ञान का विकास शुरू हुआ?
3. आज व्यापार एवं रुपयों के विनिमय आदि में कौन सहायक है?
4. विश्वभर के हजारों नेटवर्कों को कौन एक दूसरे के साथ जोड़ता है?
5. वर्ल्ड वाइड वेब किसकी विधा है?

**भाग - II**

In the first part you read about the means of communication and how they are useful. In this part you are going to read about.

i. e-commerce and e-cash and its use.
ii. You will read about tele medicine and its usefulness.
iii. You can also get education through computer. Information technology brings ample employment opportunity. Now, means of telecommunication are bringing economic prosperity in the country.

ई-कॉमर्स के द्‌वारा कंपनियों, **विक्रेताओं**[26], व्यापारियों व **ग्राहकों**[27] को कई लाभ मिले हैं। ई-कैश द्‌वारा बिना नकद **भुगतान**[28] के सामान खरीदा जा सकता है।

चिकित्सा के क्षेत्र में टेलीमेडिसन सुविधा द्‌वारा डॉक्टर दूर बैठे मरीज़ों का इलाज सफलतापूर्वक कर सकता है। इससे समय एवं धन की काफी बचत होती है। टेलीप्रिजेंस द्‌वारा आप वहाँ भी पहुँच जाते हैं। जहाँ कल तक आपके लिए पहुँचना संभव नहीं था। इसके अलावा ई-क्लॉथ, ई-परामर्श, ई-प्रशासन आदि **जनोपयोगी**[29] **सेवाओं**[30] का लाभ उठाया जा सकता है।

आज विश्व की **उच्च कोटि**[31] की शिक्षा संबंधी जानकारी इंटरनेट **युक्त**[32] कंप्यूटर से घर पर ही प्राप्त की जा सकती है। इसमें स्कूल व कॉलेज जाने की आवश्यकता नहीं रहती। अब इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकों का भी युग आ गया है। **सूचना प्रौद्योगिकी**[33] के क्षेत्र में रोज़गार की भी बहुत **संभावनाएँ**[34] हैं।

अत: संचार माध्यमों में **निरंतर**[35] हो रही **उन्नति**[36] देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और जो देश इन नित नवीन विकसित हो रहे संचार माध्यमों के अनूकूल अपने को नहीं **ढाल पाएगा**[37], वह विकास की दौड़ में **पिछड़**[38] जाएगा।

**शब्दार्थ/ Vocabulary:**

26. sellers 27. buyers 28. payment 29. publically useful
30. services 31. high level 32. contain/including 33. information technology
34. possibilities 35. continuously 36. progress 37. to cost 38. being leg behind

**बोध प्रश्न**

1. ई-कैश द्वारा क्या किया जा सकता है?
2. चिकित्सा के क्षेत्र में कौन सी सुविधा प्राप्त हुई है?
3. अब किस प्रकार की पुस्तकों का युग है?
4. देश के विकास में मील का पत्थर कौन साबित हो रहा है?

**सारांश /Summary**

इस पाठ में आपने पढ़ा कि किस प्रकार इक्कीसवीं सदी में जन संचार माध्यमों में एक क्रांतिकारी सुधार हुआ। कंप्यूटर के उपयोग ने मानव जीवन को प्रभावित किया है। आज व्यापार, चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर ने अद्भुत योगदान दिया है। इंटरनेट के प्रयोग से सभी विषयों की जानकारी मिल जाती है और इंटरनेट एवं मोबाइल ने विश्व को जोड़ दिया है।

1 इस पाठ से आप संचार संबंधी शब्दावली से परिचित हुए।
2 आपको संचार माध्यमों की उपयोगिता का भी पता लगा।

**बोध प्रश्नों के उत्तर भाग- I**

1. संचार के क्षेत्र में।
2. इलैक्ट्रोनिकी नामक विज्ञान का।
3. कंप्यूटर सहायक है।

4. इंटरनेट।
5. अनेक सूचनाएँ प्राप्त करने की विधा है।

## Part II

1. बिना नकद भुगतान के सामान खरीदा जा सकता है।
2. टेलीमेडिसन सुविधा।
3. अब इलैक्ट्रॉनिक पुस्तकों का युग है।
4. संचार माध्यम